# कार्यालय वनमण्डल अधिकारी, दक्षिण सागर, वनमण्डल (म.प्र.)

E-mail – dfotssagar@mp.gov.in Phone No. 07582-236215

क्रमांक/मा.चि./06/2022/2374 सागर, दिनांक 8-7-22

प्रति,

वनमण्डल अधिकारी,
रीवा (सामान्य) वनमण्डल रीवा।

विषय :- 1. वन परिक्षेत्र हनुमना के ग्राम सरदमन के शासकीय भूमि के खसरा नम्बर 677/2क में खनिज पत्थर उत्खनन हेतु 2.80 हेक्टेयर वन भूमि के बदले गैर वनभूमि की उपयुक्तता प्रमाण पत्र बावत्। (ऑनलाईन प्रकरण कमांक (FP/MP/MIN/152429/2022)

2. वन परिक्षेत्र मऊगंज के ग्राम हर्रईगुजरान के शासकीय भूमि के खसरा नम्बर 2/1 में खनिज पत्थर उत्खनन हेतु 4.46 हेक्टेयर वन भूमि के बदले गैर वनभूमि की उपयुक्तता प्रमाण पत्र बावत्। (ऑनलाईन प्रकरण कमांक (FP/MP/MIN/152431/2022)

3. वन परिक्षेत्र मऊगंज के ग्राम हर्रईगुजरान के शासकीय भूमि के खसरा नम्बर 2/1 में खनिज पत्थर उत्खनन हेतु 4.59 हेक्टेयर वन भूमि के बदले गैर वनभूमि की उपयुक्तता प्रमाण पत्र बावत्। (ऑनलाईन प्रकरण कमांक (FP/MP/MIN/152432/2022)

संदर्भ :- 1. आपका पत्र क्रमांक/मा.चि./5186 दिनांक 08.06.2022
2. आपका पत्र क्रमांक/मा.चि./4462 दिनांक 23.05.2022 एवं 5182 दिनांक 08.06.2022
3. आपका पत्र क्रमांक/मा.चि./4460 दिनांक 23.05.2022 एवं 5184 दिनांक 08.06.2022
4. वन परिक्षेत्र अधिकारी, देवरी का पत्र क्रमांक/1391 दिनांक 05.07.2022
5. उप वनमण्डल अधिकारी, देवरी का पत्र क्रमांक/1102 दिनांक 06.07.2022

—''—

उपरोक्त विषयान्तर्गत लेख है कि वनमण्डल रीवा सामान्य वनमण्डल के वन परिक्षेत्र मऊगंज के ग्राम हर्रईगुजरान के शासकीय भूमि के खसरा नम्बर-2/1 में खनिज पत्थर उत्खनन हेतु 4.46 हे. भूमि 4.59 हे. भूमि एवं वन परिक्षेत्र हनुमना के ग्राम सरदमन के शासकीय भूमि के खसरा नम्बर-677/2क का रकवा 2.80 में पत्थर उत्खनन हेतु आवंटित कुल रकवा 11.85 हे. भूमि के बदले गैर वनभूमि जो ग्राम पड़रईकलां वन परिक्षेत्र देवरी के अंतर्गत खसरा नम्बर-261, 262, 263, 260, 258, 273, 276, 283/1/2, 285/2, 274, 265, 266, 267, 276, 264/1/2/3, कुल रकवा में से 12.50 हेक्टेयर भूमि वन विभाग के पक्ष में आवंटित की जाना है।

तत्संबंध में वन परिक्षेत्र अधिकारी, देवरी, उप वनमण्डल अधिकारी, देवरी एवं आवेदक संस्थान की उपस्थिति में दिनांक 05.07.2022 को प्रस्तावित खसरों का मौका निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण प्रतिवेदन के अनुसार प्रस्तावित गैर वनभूमि बीट पड़रई के कक्ष क्रमांक-1112 जिसका केनोपी कवर/घनत्व 0.5 एवं 0.6 है से लगी हुई है। जिसमें प्रस्तावित गैर वनभूमि में स्थित वन की स्थिति कक्ष क्रमांक-1112 के समानुपात है। उक्त गैर वनभूमि में सागौन (मुख्य) के अलावा पलाश, तेन्दु, महुआ एवं झाड लेंडिया इत्यादि प्रकार के मिश्रित वृक्ष एवं झाड देखे गये है।

अतः उक्त गैर वनभूमि की वन विभाग के पक्ष में हस्तांतरण हेतु अनुशंसा इस शर्त पर की जाती है कि आवेदक संस्थान द्वारा प्रभावित वन भूमि के बदले वनक्षेत्र से लगी हुई एकजाई गैर वनभूमि उपलब्ध करायी जावेगी।

वनमण्डल अधिकारी,
दक्षिण सागर, (सामान्य) वनमण्डल

पृ.क्रमांक/मा.चि./06/2022/ 2375

सागर, दिनांक 8-7-22

प्रतिलिपि :-

1. मुख्य वन संरक्षक, सागर वन वृत्त, सागर की ओर सूचनार्थ सम्प्रेषित।
2. उप वनमण्डल अधिकारी, **देवरी** की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु अग्रेषित।
3. वन परिक्षेत्र अधिकारी, **देवरी** की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु अग्रेषित।

वनमण्डल अधिकारी,
दक्षिण सागर, (सामान्य) वनमण्डल
08/07/2022